आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 17.11.2026
समय 720

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– जनजातीय समाज के विकास और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध।
- युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रदेशभर में होंगी निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं।
- बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद होने के साथ ही चारधाम यात्रा का समापन। अब शीतकालीन प्रवास स्थलों पर होंगी पूजा–अर्चना।
- रुद्रप्रयाग जिले की क्यूंजा घाटी में वाहन खाई में गिरा, चार लोगों की मौत, छह घायल।

आदि गौरव महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय समाज के शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के साथ उनकी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। श्री धामी जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर देहरादून के परेड ग्राउंड में आयोजित आदि गौरव महोत्सव उत्तराखण्ड को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपराएं और प्रकृति के प्रति सम्मान देश की सांस्कृतिक विविधता को समृद्ध करते हैं। इस दौरान उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए जनजातीय समाज को शुभकामनाएं दीं और जनजातीय संस्कृति एवं हस्तशिल्प प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज के युवाओं को शिक्षा व रोजगार के बेहतर अवसर दिलाने तथा पारंपरिक हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने के साथ ही देश की विविधतापूर्ण परंपराओं को समझने और उनका सम्मान करने का अवसर प्रदान करते हैं।

मतदान जागरुकता

उत्तराखण्ड में युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए निर्वाचन साक्षरता क्लबों के माध्यम से निबंध और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिताएं तीन चरणों में होंगी। पहले चरण की दो दिवसीय प्रतियोगिताएं विद्यालय और महाविद्यालय स्तर पर आज से शुरू हो रही हैं।

जबकि 19 और 20 नवंबर को विधानसभा क्षेत्र स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके बाद जिला स्तर पर अंतिम प्रतियोगिता होगी और 22 नवंबर तक परिणाम घोषित किए जाएंगे। निबंध प्रतियोगिता के लिए शुद्ध मतदाता सूची का महत्व और मतदान का महत्व विषय निर्धारित किए गए हैं। वहीं, प्रश्नोत्तरी में मतदाता सूची, ईवीएम–वीवीपैट, मतदान और मतगणना प्रक्रिया से जुड़े सवाल पूछे जाएंगे। नोडल स्वीप प्रकाश चंद्र दुम्का ने शिक्षण संस्थानों से अधिक से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

पॉडकास्ट

सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने देहरादून में विभाग के डिजिटल पॉडकास्ट का शुभारंभ किया। इस पहल के जरिए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और जनहित से जुड़ी जानकारियां सरल और रोचक तरीके से आमजन तक पहुंचाई जाएंगी। इस अवसर पर श्री तिवारी ने सोशल मीडिया पर फैल रही फेक न्यूज पर चिंता जताते हुए कहा कि किसी भी सूचना को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जांच जरूरी है। उन्होंने डिजिटल मीडिया को जन–जागरूकता बढ़ाने और उत्तराखंड की लोक संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने का प्रभावी माध्यम बताया।

बदरीनाथ कपाट

भगवान बदरीविशाल के जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कल रात 9 बजकर 37 मिनट पर बदरीनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए। इसके साथ ही प्रदेश में चारों धामों की इस वर्ष की ग्रीष्मकालीन यात्रा का समापन हो गया। अब श्रद्धालु शीतकालीन प्रवास स्थलों पर भगवान के दर्शन कर सकेंगे। बदरीनाथ के कपाट बंद होने के साक्षी बनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु धाम पहुंचे। मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया था और सेना के बैंड की धुनों के बीच धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया गया। धाम के कपाट बंद होने के बाद आज भगवान उद्धव और कुबेर की उत्सव डोलियां शीतकालीन पूजा के लिए पांडुकेश्वर के लिए रवाना होंगी, जबकि आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी और भगवान गरुड़ की प्रतिमा ज्योतिर्मठ स्थित नृसिंह मंदिर में विराजमान होगी। गौरतलब है कि गंगोत्री, यमुनोत्री और केदारनाथ धाम के कपाट पहले ही शीतकाल के लिए बंद हो चुके हैं। बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के अनुसार, इस वर्ष बदरीनाथ धाम में 23 लाख 49 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वहीं, चारों धामों में 65 लाख 65 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे।

हादसा / मौत

रुद्रप्रयाग जिले में अगस्त्यमुनि विकासखंड की क्यूंजा घाटी में कल रात एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। हादसा कंडारा मार्ग पर हुआ, जहां पोखरी से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहा एक वाहन गहरी खाई में गिर गया। वाहन में दस लोग सवार थे।

सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों ने बचाव अभियान चलाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को श्रीनगर बेस अस्पताल रेफर किया गया है। सभी रांसी–गोंडार क्षेत्र के बताए जा रहे हैं। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

जनगणना / जागरुकता

प्रदेश में कल से जनगणना–2027 के दूसरे चरण के तहत डिजिटल स्वगणना शुरू हो गई है। प्रदेशवासी 30 नवंबर तक आधिकारिक पोर्टल se.census.gov.in के माध्यम से स्व–गणना कर सकते हैं। इसके बाद एक दिसंबर से चार जनवरी तक प्रगणक घर–घर जाकर जनगणना का काम करेंगे। वहीं, पिथौरागढ़ में जनगणना के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रथ रवाना किया। यह रथ शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को स्व–गणना पोर्टल पर स्वयं और अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने की प्रक्रिया बताएगा। जिलाधिकारी ने लोगों से सही और पूरी जानकारी दर्ज कर स्व–गणना में बढ़–चढ़कर भाग लेने की अपील की।